राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyandoot/2021/Spl./75; दिनांक : 06 July 2021

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,
अजमेर/अजमेर कला/डूंगर बीकानेर/चुरू/कन्या अजमेर/विज्ञान कोटा/कला कोटा/कला कन्या कोटा/बांसवाड़ा/सिरोही/विधि बीकानेर/टोंक/पाली,
राजस्थान।

विषय : दिनांक 9 जुलाई 2021 को ज्ञानदूत कार्यक्रम के Midterm review Meeting बाबत्।

कोरोना की विषम परिस्थितियों से विद्यार्थियों को उभारने और उनकी अकादमिक सहायता की मंशा से आरम्भ इस ज्ञानदूत कार्यक्रम ने आपके प्रयासों से अभूतपूर्व सफलता हासिल की हैं। यह आप सभी के प्रयासों का ही प्रतिफल हैं। इसके लिए आप सभी का कोटिशः आभार। हम सभी मिलकर इस जनहितकारी प्रयास के माध्यम से कॉलेज शिक्षा की सफलता का एक नया अध्याय लिख सके हैं।

09 जून 2021 से आरंभ इस ज्ञानदूत कार्यक्रम को 08 जुलाई को एक माह पूरा होने जा रहा है, अतः अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा 09 जुलाई 2021 को सायं 3.30 बजे इस कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की जानी हैं, जिसमें निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर आपसे संक्षिप्ततः इस कार्यक्रम का प्रगति प्रतिवेदन तैयार किया जाना अपेक्षित है–

1. आपके महाविद्यालय को आवंटित विषय/विषयों में विषयवार कुल कितने सेशन आयोजित किए गये हैं।
2. विषयवार कुल कितने कंटेंट कवर हो चुके हैं।
3. आपके महाविद्यालय के ज्ञानदूत चैनल पर विषयवार कुल कितने सेशन्स के विडियो अपलोड हो चुके है।
4. आपके महाविद्यालय के ज्ञानदूत चैनल पर विषयवार Viewers की अद्यतन संख्या कितनी है।
5. आपके महाविद्यालय के ज्ञानदूत चैनल पर कुल सब्सक्राइबर्स की संख्या कितनी है।
6. आपके महाविद्यालय द्वारा संचालित विषय/विषयों के लाइव सेशन्स में अधिकतम कितने विद्यार्थी उपस्थित रहते हैं।
7. आपके महाविद्यालय को आवंटित विषय/विषयों में विद्यार्थियों की समस्या समाधान हेतु कितने रविवारीय सत्र आयोजित करवाये गए हैं।

आपको उपरोक्त सूचना तैयार कर दिनांक 08 जुलाई 2021 तक नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ को इस कार्यक्रम की ई–मेल **gyandoot.cceraj@gmail.com** पर अनिवार्यतः भिजवानी है। इसके लिए आपको इस पत्र के साथ एक फॉर्मेट भी प्रेषित किया जा रहा है।

इस रिव्यू बैठक की तकनीकि व्यवस्था राजकीय महाविद्यालय बूंदी द्वारा की जाएगी। अतः प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बूंदी को निर्देशित किया जाता है कि डा. दिलीप राठौड सहायक आचार्य को समन्वयक नामित करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन की तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता हेतु आकाशि के निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क करें–

1. डा. शिवांगना शर्मा सह आचार्य, नवाचार एवं कौशल विकास 9461519852
2. डा. ललिता यादव सह आचार्य, नवाचार एवं कौशल विकास 9529993619

06/07
संदेश नायक IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांक: CCE/ISDC/Gyandoot/2021/ Spl./75; दिनांक : 06 July 2021

सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
5. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
6. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

06/7/2021
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

ज्ञानदूत कार्यक्रम की सूचना हेतु फॉर्मेट

राजकीय महाविद्यालय का नाम ....

आवंटित विषयों की संख्या ....

क्र. सं.	सूचना बिंदु	विषय (विषयों के नाम भी भरें)			
		I	II	III	IV
		नाम.................	नाम.................	नाम.................	नाम.................
1.	आवंटित विषय में कुल सेशन हुए				
2.	कुल कवर कंटेंट				
3.	विषयवार अपलोडेड विडियो				
4.	विषयवार Viewers की अद्यतन संख्या				
5.	महाविद्यालय के ज्ञानदूत चैनल पर कुल सब्सक्राइबर्स				
6.	संचालित विषय के लाइव सेशन्स में अधिकतम विद्यार्थी संख्या				
7.	आवंटित विषय में आयोजित रविवारीय सत्रों की संख्या				

हस्ताक्षर प्राचार्य एवं मोबाइल नं.